न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला–भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारीः– नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 64 / 2025

उनवान

1. उगमी देवी पत्नी श्री हजारी गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
2. काना पुत्र श्री चुना गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
3. बालू पुत्र श्री चुना गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
4. भवाना पुत्र श्री चुना गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
5. माधु लाल पुत्र श्री चुना गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
6. शंकर लाल पुत्र श्री हजारी गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
7. सेसी पुत्री चुना गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

––प्रार्थीगण

बनाम

1. हीरा लाल पुत्र श्री नारायण गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
2. भैरू पुत्र श्री लक्ष्मण गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
3. उदय लाल पुत्र श्री राजू गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
4. नानूराम पुत्र श्री गोपी गुर्जर नि0 मूणपुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
5. रतन लाल पुत्र गोपी गुर्जर नि0 मूणप पुरा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
6. शंकर लाल पुत्र श्री रामपाल गुर्जर नि0 पालडी तह0 भीलवाडा जिला भीलवाडा(राज0)
7. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

–––अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 15–07–2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूँ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 24.03.2025 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) के खाता संख्या 1778 की आराजी नम्बर 507 रकबा 0.1770 हैक्टयर, आराजी नम्बर 508 रकबा 0.2023 है0, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 24.03.2025 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या **01 लगायत 06** बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) के खाता संख्या 1778 की आराजी नम्बर 507 रकबा 0.1770 हैक्टयर, आराजी नम्बर 508 रकबा 0.2023 है0, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा मौका कमिश्नर फीस 1000/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 15.07.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)

उपखण्ड अधिकारी

हमीरगढ